असाइनमेंट विषय :- हिंदी कक्षा :- चौथी शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर / जितेंद्र कौर

नाम :- ________________ सेक्शन :- _________ रोल नंबर :- ________ दिनांक :- /03/2022

पाठ-13

टेलीफ़ोन का आनंद

शब्द - अर्थ

निर्णय - फ़ैसला

अन्य - दूसरे

संदेश - सूचना

मनुष्य - मानव

चुस्त - फुर्तीला

सुझाव - राय

उन्नति - तरक्की

वैज्ञानिक - जो विज्ञान से संबंधित हो

एकमत - सबकी राय

आवश्यकता - ज़रूरत

चतुर – होशियार

मौखिक प्रश्न - उत्तर

(क) **चिट्ठियाँ** पहुँचाने का काम किसे सौंपा गया था?

उत्तर चिट्ठियाँ पहुँचाने का काम जिराफ़ को सौंपा गया था।

(ख) सुंदरवन में दूसरा डाकिया किसे बनाया गया?

उत्तर सुंदरवन में दूसरा डाकिया बंदर को बनाया गया।

(ग) खरगोश का सुझाव किसे पसंद नहीं आया?

उत्तर खरगोश का सुझाव हाथी को पसंद नहीं आया।

(घ) हाथी ने क्या संदेश भिजवाने के लिए कहा?

उत्तर हाथी ने यह संदेश भिजवाया कि अब कोई चिट्ठी न लिखें।

लिखित प्रश्न - उत्तर

(क) सुंदरवन के सभी जानवर क्यों परेशान थे?

उत्तर जब भी कोई चिट्ठी आती तो वह उन्हें बहुत देर से मिलती थी।

(ख) जानवरों ने टिंकू बंदर को डाकिया क्यों बनाया?

उत्तर टिंकू बंदर बहुत चुस्त और चतुर था इसलिए जानवरों ने टिंकू बंदर को डाकिया बनाया।

(ग) टिंकू के किस व्यवहार के कारण पशु-पक्षी फिर परेशान होने लगे?

उत्तर टिंकू पेड़ पर चढ़कर बैठ जाता तो कभी शहर चला जाता जिसके कारण चिट्ठियाँ समय पर नहीं मिल पाती। इस कारण पशु-पक्षी फिर परेशान होने लगे।

(घ) हाथी की कौन-सी बात से सारे पशु-पक्षी हैरान हो गए?

उत्तर जब हाथी ने कहा कि जंगल में अब किसी डाकिए की आवश्यकता नहीं है तो सारे पशु-पक्षी हैरान हो गए।

(ङ) टेलीफ़ोन का आविष्कार किसने तथा कब किया?

उत्तर टेलीफ़ोन का आविष्कार सन् 1876 में एलैक्ज़ाडर ग्राहम बेल ने किया था।

प्रश्न 2 सही उत्तर चुनकर(√) लगाइए।

(क) टिंकू कौन था?

बंदर ✓ हाथी जिराफ़

(ख) हाथी को डाकिया बनाने का सुझाव किसने दिया ?

भालू ने खरगोश ने ✓ बंदर ने

(ग) हाथी ने जानवरों से अपने घरों में क्या लगवाने के लिए कहा?

टेलीविज़न कंप्यूटर टेलीफ़ोन ✓

प्रश्न 3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए।

(क) एक दिन सभी जानवरों ने सभा की । (सभा/ प्रार्थना)

(ख) जंगल के सभी पशु - पक्षी फिर परेशान होने लगे। (तैयार /परेशान)

(ग) सभी ने एकमत होकर निर्णय लिया। (विचार/ निर्णय)

(घ) हम सब मिलकर सुंदरवन में एक बूथ खुलेंगे। (दुकान/ बूथ)

भाषा- ज्ञान

प्रश्न 2 वचन बदलिए।

चिट्ठी – चिट्ठियाँ	खबर - खबरें
पैसा - पैसे	सभा - सभाएँ
डाकिया – डाकिए	आवश्यकता - आवश्यकताएँ

प्रश्न 3 उदाहरण के अनुसार लिखिए ।

माता - पिता	माता और पिता
पेड़ - पौधे	पेड़ और पौधे
सगे - संबंधी	सगे और संबंधी
पशु - पक्षी	पशु और पक्षी
भाई - बहन	भाई और बहन
फल - फूल	फल और फूल

प्रश्न 4 वर्ण विच्छेद कीजिए।

चतुर	च्+अ+त्+उ+र्+अ
जंगल	ज्+अं+ग्+अ+ल्+अ
खरगोश	ख्+अ+र् +अ+ ग्+ओ+श्+अ
डाकिया	ड्+आ+क्+इ+य्+आ
सुझाव	स्+उ+झ्+आ+ व्+अ
टेलीफ़ोन	ट्+ए+ल्+ई+फ्+ओ+न्+अ

प्रश्न 5 प्रत्येक शब्द का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(क) **निर्णय** -(फैसला) -जंगल में टेलीफ़ोन लगाने का **निर्णय** लिया गया।

(ख) **सुझाव** -(राय) -सभा में सभी व्यक्तियों ने अपना **सुझाव** दिया।

(ग) **संदेश** - (सूचना) -मैंने ई-मेल के द्वारा अपना **संदेश** भेजा।

(घ) **उन्नति** - (तरक्की) -आज विज्ञान ने बहुत **उन्नति** कर ली है।

प्रश्न 6 पाठ में से पाँच सर्वनाम और पाँच संज्ञा शब्द ढूंढकर लिखिए।

सर्वनाम शब्द	संज्ञा शब्द
हम	हाथी
वह	खरगोश
उन्हें	बंदर
अपने	जिराफ़
आप	टेलीफोन